# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

बिलासपुर, गुरुवार 2 अक्टूबर 2025





4 खाड़ी में सक्रिय लो प्रेशर की सक्रियता से तीन दिनों तक प्रभावित रहेगा मौसम, होगी बारिश





आसरा इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग

जरहाडीह, रघुनाथपुर सरगुजा छ.ग.

मों. 9826156669, 7000288169

B.S.C. नर्सिंग (4 वर्षीय कोर्स)

G.N.M. (3 वर्षीय कोर्स)

स्कॉलरशीप-शासन के नियमानुसार

पता - CTO चांदनी चौक, इण्डेन गैस गोदाम के पास, खैरबार रोड, मायापुर अंबिकापुर


## खबर संक्षेप

### हिन्दू युवा एकता मंच की विशाल शोभा यात्रा आज

**अंबिकापुर।** शारदीय नवरात्रि और विजयादशमी के अवसर पर हिन्दू युवा एकता मंच द्वारा मर्यादापुरुषोत्तम प्रभु श्री राम की विशाल शोभायात्रा निकाली जाएगी। यह शोभा यात्रा 2 अक्टूबर को सुबह 10.30 बजे शहर के कला केंद्र मैदान से शुरू होगी। महामाया मंदिर में गंगा आरती के बाद शोभा यात्रा का समापन किया जाएगा। इस शोभा यात्रा में गंगा आरती, महादेव की टोली, माडर्न आर्ट, डमरू वादन, शैला-कर्मा नृत्य के साथ ही छत्तीसगढ़ का सबसे बड़ा डीजे पावर जोन आकर्षण का केंद्र होगा।

### राम मंदिर में हुई खड़ग आरती

**अंबिकापुर।** रामनवमी के अवर पर राम मंदिर में देवी की खड़ग आरती की गई। रम मंदिर के संचालक संत प्रणव मुनि ने घंटा-घड़ियाल की ध्वनि के साथ स्वयं देवी की खड़ग आरती की। आरती उपरान्त दुर्गा शप्तशती के मंत्री से हवन कर दस दिवसीय नवरात्री का समापन किया गया। नवरात्रि के अवसर पर राम मंदिर में विविध धार्मिक अनुष्ठान आयोजित किए जाते है। इन अनुष्ठानों में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। अंतिम दिन देवी की खड़ग आरती में शामिल होने दूर दूर से श्रद्धालु पहुंचते है।

लाठी डंडे से की पिटाई, 100 से अधिक की संख्या में पहुंचे थे लोग

# अमेरा खुली खदान में काम कर रहे लोगों पर ग्रामीणों ने किया हमला





खदान में मारपीट करते ग्रामीण एवं महिलाएं।

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर/लखनपुर

अमेरा खुली खदान के विस्तार को लेकर संघर्ष थमने का नाम नहीं ले रहा है। एक बार फिर से अमेरा खदान में काम कर रहे कर्मचारियों पर हमले की घटना सामने आई है। दर्जनों की संख्या में पहुंचे लोगों ने कर्मचारियों पर हमला कर दिया। इस घटना में माइनिंग कंपनी के मैनेजर, पोकलेन ऑपरेटर सहित अन्य लोगों को गंभीर चोटें आई है। इस घटना के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। एसईसीएल प्रबंधन ने इस घटना की शिकायत पुलिस से की है जिसके बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। प्रबंधन का आरोप है कि मारपीट करने वाले भाड़े पर बुलाए गए बाहरी लोग थे।

**खास बात**

- प्रबंधन ने कहा-भाड़े के लोगों ने की मारपीट

### बाहरी लोगों ने किया हमला

खदान परिसर में काम करते समय लोगों ने लाठी डंडे से हमला किया है। इस हमले में एक मशीन ऑपरेटर, कंपनी का मैनेजर घायल हुआ है। पत्थर बाजी में कुछ गाड़ियां क्षतिग्रस्त हुई है। हमला करने वाले भाड़े पर आए बाहरी लोग है जिनकी खदान क्षेत्र में कोई जमीन नहीं है। वे ग्रामीणों के साथ हुई शांति वार्ता में खलल डालना चाहते है। इस घटना की शिकायत की गई है और पुलिस जांच कर रही है।

-डॉ. संजय कुमार सिंह
एरिया जनरल मैनेजर एसईसीएल

### चल रही है जांच

घटना की सूचना मिली है। इस मामले में शिकायत के आधार पर अपराध दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

-अमोलक सिंह ढिल्लो
एएसपी सरगुजा

दरअसल एसईसीएल के अमेरा खुली खदान के विस्तार को लेकर लम्बे समय से विवाद चल रहा है। लखनपुर विकासखंड के अंतर्गत आने वाले परसोड़ीकला व कटकोना में भूमि का अधिग्रहण किया जाना है। भूमि अधिग्रहण और खदान के विस्तार को लेकर ग्रामीणों द्वारा लम्बे समय से विरोध किया जा रहा है। पिछले एक साल से लगातार ग्रामीण अपना विरोध दर्ज करा रहे है। इस दौरान ग्रामीणों ⏭ शेष पेज 4 पर

### बाहरी लोग कर रहे शांतिवार्ता में खलल डालने का प्रयास

एसईसीएल कर्मचारियों और कंपनी के लोगों पर किए गए हमले की घटना के बाद हड़कंप मच गया। इस घटना के बाद एसईसीएल के जनरल मैनेजर मौके पर पहुंचे और सभी घायलों को उपचार के लिए लखनपुर अस्पताल में भर्ती कराया गया। इसके साथ ही उन्होंने घटना की शिकायत पुलिस से की है। अधिकारियों का कहना रोजमर्रा के हिसाब से खदान परिसर में काम चल रहा था और आवागमन हेतु मार्ग बनाया जा रहा था। इसी दौरान बाहरी लोग लाठी लेकर पहुंचे और मारपीट की। अधिकारियों का कहना है कि मारपीट करने बाहरी थे। ना ही उनकी जमीन है और ना ही उन्हें इस क्षेत्र से कोई लेना देना है। भाड़े पर बुलाए गए लोगों ने मारपीट की घटना की है। इसका एक कारण यह है कि प्रभावित ग्रामीणों के साथ पूर्व में शांतिपूर्ण तरीके से वार्ता हुई और उनकी बातों को सुना गया था। संभवतः शांति वार्ता में खलल डालने के लिए इस तरह की वारदात की गई है।

### फसलों को नुकसान पहुंचाने का आरोप

इधर ग्रामीणों का कहना है कि एसईसीएल द्वारा क्षेत्र में भूमि अधिग्रहण कर जबरन किसानों की कड़ी फसल को रौंद दिया गया है और उन्हें मुआवजा भी नहीं दिया गया है। प्रबंधन की ओर से 20 प्रतिशत लोगों को भी मुआवजा नहीं दिया गया है। इसे लेकर जीएम का कहना है कि एसईसीएल की ओर से किसी भी किसान कि फसल को नुकसान नहीं पहुंचाया गया है और जिन किसानों को मुआवजा दिया गया है उनकी भूमि में ही कार्य शुरू किया गया है। इसके साथ ही शेष भूमि शासकीय है। हमला करने वाले किसी भी ग्रामीण की उक्त क्षेत्र में जमीन नहीं है।

# महानवमी पर उमड़ा सैलाब, विधि विधान से हवन पूजन के साथ नवरात्र का समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

देवी की उपासना का महापर्व शारदीय नवरात्रि के अंतिम दिन महानवमी के अवसर पर देवी मंदिरों में भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। शहर के महामाया मंदिर समेत सभी शक्तिपीठों में भक्तों ने विधि विधान से पूजा अर्चना करने के साथ ही ⏭ शेष पेज 4 पर

- मंदिरो में कराए गए कन्या भोज, दुर्गा पंडालों में भी उमड़ी भीड़



### हवन पूजन के साथ कन्या भोज

शारदीय नवरात्रि के अवसर पर शहर के महामाया मंदिर के साथ ही गायत्री मंदिर, दुर्गा मंदिर समेत अन्य शक्तिपीठों में लोगों ने विधि विधान से हवन पूजन किया। हवन पूजन के बाद मंदिरों में कन्या भोज का आयोजन किया गया जिसमें कन्याओं का आर्शीवाद लेने के साथ ही भोज कराया गया। महानवमी पर माता सिद्धिदात्री की विशेष पूजा अर्चना की गई। वहीं उपवास का पारण गुरुवार को किया जाएगा। महानवमी पर भक्तों द्वारा जगह जगह भंडारे का भी आयोजन किया गया व शहर में घूमने व माता के दर्शन करने आए भक्तों ने माता के प्रसाद को ग्रहण किया।


AGRASEN COLLEGE

Recognised By: NCTE, New Delhi, Govt. Of India

Affiliated to: Hemchand Yadav University, Durg

B.ED. COURSE

COLLEGE COUNCELLING CODE - 114316

सत्र 2025 - 26 में B.Ed कोर्स में प्रवेश हेतु अंतिम अवसर

द्वितीय चरण

| | |
|---|---|
| पंजीयन एवं ऑनलाइन विकल्प फार्म जमा करने की तिथि। | 01/10/25 से 05/10/25 |
| द्वितीय चरण की प्रथम सूची दावा आपत्ति के लिए जारी करना एवं दावा आपत्ति। | 09/10/25 से 10/10/25 |
| द्वितीय चरण की प्रथम सूची जारी करना। | 13/10/25 |
| द्वितीय चरण की सूची में आबंटित अभ्यथी द्वारा महाविद्यालय में प्रवेश के लिए निर्धारित तिथि। | 13/10/25 से 16/10/25 |

VILLAGE- DHANORA, DURG (C.G.)

Mob. 90982 11113





CAMPUSE VIEW

डॉ. ए.के. दुबे

बी.डी.एस (पटना) दंत चिकित्सक एवं सर्जन

एम.बी.ए (अहमदाबाद) हॉस्पिटल मैनेजमेंट

रजि नं. - 277/A

Email: anujdubey@gmail.com

डॉ. अंकित दुबे

बी.डी.एस (ग्वालियर)

दंत चिकित्सक एवं सर्जन

रजि नं. - CGDC/G/20/3345

Email: dankit040@gmail.com






ISO9001-2015

Sure Smile Dental Clinic & Orthodontic Center

आपकी मुस्कान हमारी पहचान

Since : 2009 | ISO : 9001:2015

समय : सुबह 11 बजे से शाम 7 बजे तक, रविवार बंद

श्योर स्माइल

दंत चिकित्सालय एवं ऑर्थोडोन्टिक सेंटर

मो.- 09179880085, 09407995721

पता: मिशन चौक, रिंग रोड, अम्बिकापुर (छ.ग.)

## खबर संक्षेप



### चैम्बर ऑफ कॉमर्स की पहल पर एसबीआई ने बस स्टैंड में बड़े नोटों के बदले उपलब्ध कराये सिक्के

**बिश्रामपुर।** नकदी की कमी और छोटे करंसी के सिक्कों की किल्लत से जूझ रहे व्यापारियों और आम लोगों के लिए बुधवार को चैम्बर ऑफ कॉमर्स की पहल पर स्टेट बैंक ऑफ इंडिया शाखा बिश्रामपुर द्वारा बड़े नोटों को लेकर 1,2,10 और 20 रुपए के सिक्के जरूरतमंदों को उपलब्ध कराये,यह कार्यक्रम बस स्टैंड परिसर में आयोजित हुआ,जहां व्यापारियों से लेकर आम उपभोक्ताओं तक सभी ने बड़े नोटों को बदलकर चिलहर सिक्के प्राप्त किए,कार्यक्रम में एसबीआई बिश्रामपुर के ब्रांच मैनेजर रविकांत सिंह विशेष रूप से मौजूद रहे,वहीं चैम्बर ऑफ कॉमर्स के प्रदेश उपाध्यक्ष अशोक अग्रवाल सहित रमेश दनौदिया, अंशुल गोयल,चंदन सिंह,जतिन तायल,राकेश अग्रवाल, नितिन गोयल,प्रशांत अग्रवाल,सावन गोयल और अन्य व्यापारी व आमजन इस मौके पर उपस्थित रहे।गौरतलब है कि नोटों के बदले चिलहर सिक्के प्रदान किये जाने से स्थानीय बाजार में छोटे लेन-देन की समस्या का हल निकालने के उद्देश्य से किया गया,लंबे समय से व्यापारी और ग्राहक दोनों ही छुट्टे पैसों की समस्या से परेशान हो रहे थे,ऐसे में यह पहल सभी के लिए फायदेमंद साबित हुई,चैम्बर ऑफ कॉमर्स पदाधिकारियों ने बताया कि आने वाले समय में भी ऐसे कार्यक्रम जारी रहेंगे ताकि बाजार में सिक्कों और छोटे नोटों की उपलब्धता बनी रहे।

### डांस डांडिया गायन प्रतियोगिता में बालक-बालिकाओं को किया गया पुरस्कृत



**सलका अधिना।** शारदीय नवरात्र का पर्व का आयोजन दुर्गा पूजन समिति बस स्टैंड में किया गया। मां दुर्गा के पंडाल में सुबह -शाम श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ रहा है। महिलाओं द्वारा सामूहिक भजन कीर्तन सहित गरबा डांडिया जैसे आयोजन हो रहे हैं। साथ ही दुर्गा पूजन समिति द्वारा हर दिन सांस्कृतिक उत्सव की तरह जगराता, डांस, डांडिया, गायन, थाली सजाओ प्रतियोगिता, सांस्कृतिक कार्यक्रम सहित दशहरा के दिवस भव्य आतिशबाजी का आयोजन रावण दहन और सांस्कृतिक प्रोग्राम का आयोजन होना है। डांस डांडिया गायन प्रतियोगिता में शामिल काव्या, सावनी, अयांश, अदिति साहू, वेदिका,पूर्वी, अंशिका,वर्णिका तथा आरती थाल प्रतियोगिता में विनायक गुप्ता को प्रथम इनाम मिला जिस पर बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। दुर्गा पंडाल में शाम को भंडारे का आयोजन लोगों और समिति के सहयोग से किया जा रहा है। 5 अक्टूबर को को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का पद संचलन का भी आयोजन किया जाएगा।

### शताब्दी वर्ष के अवसर पर केदमा में हुआ भव्य पद संचलन



**केदमा।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ केदमा मंडल के स्वयंसेवकों द्वारा संघ के शताब्दी वर्ष पूर्ण होने पर भव्य पथ संचलन किया। पथ संचलन में बड़ी संख्या में ग्रामीण स्वयंसेवकों ने भाग लिया। गायत्री मंदिर में एकत्रीकरण कर पथ संचलन प्रारम्भ हुआ जो टिकरापारा से अटल चौक, मुख्य बस्ती केदमा से गुजरते हुए गांव के सभी पारा मुहल्ला से होकर पुनः गायत्री मंदिर में समापन हुआ। पथ संचलन के समय महिलाओं एवं पुरुषों द्वारा चौक- चौराहे एवं प्रमुख स्थानों पर स्वयंसेवकों पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। इसके पश्चात आयोजित गोष्ठी में सुभाषित, अमृत वचन एवं एकल गीत प्रस्तुत किया गया। देवनारायण यादव जिला सह कार्यवाह द्वारा संघ की स्थापना एवं कार्य पर उदबोधन दिया गया। शस्त्र पूजन का आयोजन किया गया। इस दौरान सुखराम यादव, अयोध्या प्रसाद सोनवानी, सीपी सोनी, रामशरण पटेल, मूलचंद अग्रवाल, चन्द्रिका यादव,कौला प्रसाद चौहान, रामलाल सिंह, सुनील अग्रवाल, श्रीनाथ सिंह, महेश्वर पैकरा, दीनानाथ यादव, श्यामलाल यादव, ऐशनाथ यादव, धरम सिंह, गंभीर पैकरा, मोती यादव सहित लगभग 175 स्वयं सेवक शामिल हुए।

### महिला से मारपीट आरोपी गिरफ्तार

**अंबिकापुर।** पुराना मामला वापस लेने की बात पर महिला से गाली गलौज कर मारपीट करने के मामले में दरिमा पुलिस ने आरोपी सीतापुर के ग्राम डांगबुड़ा निवासी अनिल अग्रवाल आ. जय कुमार अग्रवाल (45 वर्ष) को बीएनएस की धरा 296, 351, 115, 232 के तहत गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा है। आरोपी ने 30 सितम्बर को महिला को जान से मारने की धमकी देने के साथ ही पिटाई की थी। पुलिस ने मामले में पीडिता के बयान के आधार पर आरोपी को पकड़कर पूछताछ की तो उसने महिला से मारपीट की घटना को स्वीकार किया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त डंडे को जब्त किया है।

# दो पहिया चालकों को बिना हेलमेट के नहीं मिलेगा पेट्रोल, नियम लागू

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर/बलरामपुर

मंगलवार से बलरामपुर जिले में नो हेलमेट-नो पेट्रोल का नियम लागू हो गया है। कलेक्टर की पहल पर इस अभियान की शुरुआत की गई है जिसके तहत बिना हेलमेट लगाए किसी भी चालक को पेट्रोल पंप पर पेट्रोल नहीं मिलेगा। इस अभियान का उद्देश्य है कि सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मौतों और गंभीर चोटों के मामलों में कमी लाए जा सके और लोगों की जान बचाई जा सके।

■ लोगों की सुरक्षा के मद्देनजर जिला व पुलिस प्रशासन ने की पहल

वर्तमान समय में तेज रफ्तार वाहन चलाना दुर्घटना का मुख्य कारण बन गया है। तेज रफ्तार के कारण ही ज्यादातर घटनाएं होती है और इन घटनाओं में प्रतिवर्ष बड़ी संख्या में लोगों की मौतें होती है। अक्सर यह देखा गया है कि सड़क दुर्घटना में ज्यादातर मौते टक्कर के बाद सिर में लगी गंभीर चोट के कारण ही होती है और कई बार मरीज को अस्पताल तक पहुंचाने का भी समय नहीं मिलता है। इसके साथ ही कई बार लोग सिर और चोट लगने के कारण गंभीर स्थिति में पहुंच जाते है। ऐसे में दुर्घटनाओं के दौरान होने वाले जान के नुकसान को कम करने के लिए कलेक्टर राजेन्द्र कटारा के निर्देश पर विशेष अभियान की शुरुआत की गई है। कलेक्टर जिले भर में यह आदेश लागू किया है कि बिना हेलमेट के किसी भी पेट्रोल पंप पर दो पहिया वाहन चालकों को पेट्रोल नहीं दिया जाएगा। कलेक्टर श्री कटारा ने यह नियम 1 अक्टूबर से लागू करने के निर्देश दिए थे जिसके बाद कलेक्टर व एसपी वैभव बैंकर रमनलाल के निर्देश पर जिलेभर में 15 दिनों से जागरूकता अभियान चलाए जा रहे थे। निकाय क्षेत्र के साथ ही गांव गांव में इस विषय में लोगों को जानकारी प्रदान की गई थी।

मंगलवार को जिले में यह नियम प्रभावशाली हो गया है। नियम लागू होने के बाद पहले दिन पुलिस विभाग, जिला प्रशासन और आरटीओ विभाग द्वारा संयुक्त रूप से पेट्रोल पंपों में जाकर इसकी जानकारी दी गई और लोगों से हेलमेट पहनने का आह्वान किया गया।

### पेट्रोल पंप के बाहर उपलब्ध रहेगा हेलमेट

जिले में लोगों को हेलमेट के प्रति जागरूक करने के लिए कलेक्टर ने सभी दो पहिया शो रूम संचालकों व पेट्रोल पंप संचालकों को हेलमेट रखने के निर्देश दिए है। जिले में लगभग 46 पेट्रोल पंप है और सभी पेट्रोल पंप में स्पष्ट निर्देश है कि बिना हेलमेट के पेट्रोल नहीं दिया जाए। लोग पेट्रोल पंप के बाहर से हेलमेट खरीदकर इसका उपयोग करे। शुरुआत में जिला व पुलिस प्रशासन द्वारा लोगों को हेलमेट लगाने की समझाइश दी जाएगी और फिर भी आदत में सुधार नहीं होने पर चालानी कार्रवाई की जाएगी।

### लागू हो गया है नियम

जिले में नो हेलमेट-नो पेट्रोल अभियान शुरू किया गया है। इस अभियान का उद्देश्य दुर्घटनाओं से होने वाली मौतों में कमी लाना है। यह नियम लागू हो गया है और पिछले 15 दिनों से लगातार जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।
-**राजेंद्र कटारा**, कलेक्टर

### समझाइश के बाद होगी कार्रवाई

इस अभियान का उद्देश्य लोगों की सुरक्षा है। पेट्रोल पंप संचालकों को समझाइश दी गई है कि बिना हेलमेट के किसी को पेट्रोल नहीं दिया जाए। हमारा उद्देश्य कार्रवाई करना नहीं है लेकिन यदि आदत में सुधार नहीं हुआ तो कार्रवाई की जाएगी।
-**वैभव बैंकर**, रमनलाल

## 24 सालों बाद इस बार 1266 मिमी वर्षा

# खाड़ी में सक्रिय लो प्रेशर की सक्रियता से तीन दिनों तक प्रभावित रहेगा मौसम, होगी बारिश

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

अरब सागर एवं बंगाल की खाड़ी में सक्रिय लो-प्रेसर के प्रभाव से अीाी बारिश से राहत मिलने की संभावना नहीं है। मानसून की वापसी शुरू हो गइ्र है इसके बावजूद अक्टूबर में छिटपुट वर्षा का क्रम जारी रहने की संभावना जताई जा रही है।

**खास बात**
■ बरसात में औसत 924 मिमी होती है वर्षा

इस बार मध्य जून में मानसून की दस्तक के बाद से ही लगातार अच्छी वर्षा हो रही है। अगस्त महीने में मानसून ब्रेक की स्थिति निर्मित होने पर वर्षा में कुछ कमी आई थी लेकिन एक पखवाड़े बाद स्थिति सामान्य हो गई थी। इस बार लगातार बारिश से अम्बिकापुर तहसील में औसत से लगभग 500 मिमी अधिक वर्षा हुई है। हालांकि पूरे सरगुजा की औसत वर्षा कमी हुई दर्ज की गई है। आंकड़ों की दृष्टि से अभी भी सरगुजा में औसत वर्षा 1164.6 मिमी की तुलना में 825.6 मिमी का ही आंकड़ा पूरा हो सका है तथा अभी तक 29 फिसदी कम वर्षा दर्ज की गई है।




व्यवहारिक रूप से इस आंकड़े पर संदेह जताया जा रहा है। पूरे जिले में धान की फसल अच्छी है साथ ही छोटे-बड़े सभी सिंचाई बांध लबालब हो गए हैं। मौसम विज्ञानी आगे भी खाड़ी में हलचल होने एवं वातावरण में नमी की मात्रा बढ़ने के कारण ि छटपुट वर्षा जारी रहने की संभावना जता रहे हैं। सितम्बर का महीना समाप्त होने के साथ ही मानसून अवधि खत्म हो गई है तथा राजस्थान से मानसून की वापसी भी शुरू हो गई है। मौसम विज्ञानी कोई ताकतवर मौसमी व्यवधान नहीं बनने पर 10 अक्टूबर के असापास सरगुजा से भी मानसून के विदा होने की संभावना व्यक्त कर रहे हैं। मानसून की वापसी के बाद नवम्बर से पछुआ विछोभ की वर्षा होती है जिससे तापमान तेजी से गिरता है। वर्तमान में खाड़ी में सक्रिय लो-प्रेशर के प्रभाव से आगामी तीन दिनों तक मौसम के प्रभावित रहने एवं अच्छी वर्षा होने की संभावना जताई जा रही है।

### 24 साल बाद भारी वर्षा

मौसम विज्ञानी के अनुसार इस बार 24 सालों बाद अम्बिकापुर में भारी वर्षा हुई है। इसके पूर्व वर्ष 2001 में अम्बिकापुर में 1815.1 मिमी वर्षा दर्ज की गई थी। वर्ष 2011 में भी औसत से अधिक वर्षा हुई थी तथा वर्षा का आंकड़ा 1445.5 मिमी पहुंच गया था। पिछले साल 1357.1 मिमी वर्षा रिकार्ड की गई थी। इस बार 15 जून से 30 सितम्बर के मध्य मानसून काल के 122 दिनों में 87 दिन वर्ष हुई। इस अवधि में कई दिन मूसलाधार वर्षा भी हुई। मौसम विभाग के आंकड़ों के अनुसार इस बार जून में 239.9 मिमी, जुलाई में 662.9 मिमी, अगस्त में 374.4 मिमी एवं सितम्बर में 189.0 मिमी वर्षा दर्ज की गई है।

### तैयार फसल को नुकसान

जून मध्य में रोपी गई धान की फसल अब पक कर तैयार हो गई है। बारिश से पकी फसल के खराब होने की संभावना जताई जा रही है। बारिश से पकी फसल लेट गई है। स्थिति से किसान काफी चिंतित हैं तथा बारिश से धान की पकी फसल के काले पड़ने एवं दानों में अंकुरण होने की संभावना व्यक्त कर रहे हैं।



# छत्तीसगढ़ के पशुधन में आई 40 प्रतिशत की कमी : सिंहदेव

**अंबिकापुर।** प्रदेश के पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव ने कहा है कि सरगुजा समेत पूरे प्रदेश में पशुधन में 40 प्रतिशत की कमी आई है। छग में लगभग 5 लाख गौवंश गायब हो गए है जो चिंता का विषय है। इसका कारण यह तो नहीं कि बड़े पैमाने पर गौवंश की तस्करी हो रही है। सरकार यह बताए कि गौवंश में इतने बड़े पैमाने पर कमी क्यों आई है क्या वे मर गए है या तस्करी होकर बाहर चला गए। श्री सिंहदेव बुधवार को कोठीघर में पत्रकार वार्ता को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने कहा कि आज देश में भाजपा की सरकार के रथे हुए भी 4.3 अरब डॉलर के बीफ की बिक्री अन्य देशों को हो रही है। बीफ निर्यात में भारत ब्राजील के बाद दूसरे नम्बर पर है। सबसे बड़ा बूचड़ खाना भाजपा शासित प्रान्तों महाराष्ट्र, यूपी, बिहार में है और यह रिकार्ड में दर्ज है। उन्होंने कहा कि जब इलेक्टोरल बांड का मामला सामने आया और जानकारी सार्वजनिक की गई तो उसमें भी यह बात सामने आई थी कि बीफ एक्सपोर्ट में लगी कंपनी से भाजपा ने चंदा लिया। भाजपा देश के नागरिकों को किस हद तक गुमराह कर भावनात्मक माहौल बनाकर अपना राजनैतिक हित सिद्ध करना चाहती है यह उजागर हो रहा है। सरगुजा में भी पशुधन की सेवा में लगे लोगों का कहना है कि मैनपाट सहित अन्य क्षेत्रों से सूरजपुर जिले से होते हुए यूपी, झारखंड गौवंश की तस्करी की जा रही है। उन्होंने कहा कि वास्तविक रूप से पशुधन की जो सेवा होनी चाहिए वो प्रदेश में नहीं हो पा रही है। भाजपा ने घोषणा की थी कि गौवंश अभ्यारण बनेंगे फिर कहा गौवंश धाम बनाएंगे, फिर कहा कि एक पशु के लिए प्रतिदिन 10 रुपए दिया जाएगा लेकिन इससे पशुधन को कितना चारा मिलेगा। एक गौवंश को न्यूनतम एक दिन में चार किलो चारा मिलना है उनके लिए पर्याप्त राशि की व्यवस्था सरकार नहीं कर पा रही है और बात करते है गौवंश के सुरक्षा की। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने गौवंश की रक्षा के लिए गौठान बनवाया था जिसमें घुमंतू पशु को रखा जाएगा जहां उनके लिए चारा पानी की व्यवस्था थी लेकिन इसे बंद कर दिया गया और अब आए दिन पशुधन की तस्करी हो रही है। हमारी मांग है कि गौवंश की सेवा की दृष्टि से पहले सरकार बताए कि 5 लाख गौवंश में कमी क्यों आई, क्या वे मर गए या तस्करी हो गई। इसके साथ ही 2023 तक को गौठान प्रचलन में थे उन्हें चालु कर चारा पानी की व्यवस्था की जाए। इस दौरान जिलाध्यक्ष बाल कृष्ण पाठक, ननि नेता प्रतिपक्ष शफी अहमद, रेड क्रोस सोसायटी के सभापति आदित्येश्वर शरण सिंहदेव, पूर्व जिलाध्यक्ष राकेश गुप्ता, पूर्व महापौर डॉ. अजय तिर्की, पूर्व सभापति अजय अग्रवाल, जेपी श्रीवास्तव, हेमंत सिन्हा, मो. इसलाम, द्वितेंद्र मिश्रा सहित अन्य मौजूद थे।

■ बड़े पैमाने पर तस्करी का लगाया आरोप, पूर्व डिप्टी सीएम ने सरकार से मांगा जवाब

# महंगई में पहली बार भव्य कर्मा नृत्य प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ⏭ महंगई



नवरात्रि के पावन पर्व में जहां पूरा क्षेत्र मां दुर्गा की आराधना में लीन है, वहीं जिले में गरबा की रंगारंग धूम के साथ-साथ आदिवासी लोक नृत्यों का अनोखा संगम देखने को मिल रहा है। महंगई में पहली बार आयोजित विशाल कर्मा नृत्य प्रतियोगिता ने सांस्कृतिक उत्सव को नई ऊर्जा प्रदान की।

प्रतियोगिता में पारंपरिक वेशभूषा में सजे नर्तक दलों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा विधायक भूलन सिंह मरावी शामिल हुए। महंगई ग्राम पंचायत में आयोजित प्रतियोगिता में विभिन्न गांवों से पहुंचे युवा-युवतियों ने कर्मा की धुन पर थिरकते हुए अपनी कला का लोहा मनवाया। छत्तीसगढ़ की आदिवासी संस्कृति का अभिन्न अंग है, इस मौके पर न केवल मनोरंजन का साधन बना, बल्कि सामुदायिक एकता का प्रतीक भी। प्रतियोगिता का शुभारंभ विधायक भूलन सिंह मरावी ने किया। उन्होंने कहा कि नवरात्रि मां की भक्ति का पर्व है, लेकिन हमारी जड़ें लोक संस्कृति में हैं। ऐसे आयोजन से हम अपनी परंपराओं को जीवित रखते हैं और युवाओं को जोड़ते हैं। आयोजकों के अनुसार यह पहला प्रयास था और भविष्य में और भी भव्य बनाने की योजना है। आयोजन में जिला पंचायत सदस्य नयन सिरदार ने भी शिरकत की और कर्मा नृत्य की ताकत को रेखांकित करते हुए कहा कि यह नृत्य न केवल शारीरिक ऊर्जा का प्रतीक है, बल्कि सामाजिक सद्भाव का भी। वरिष्ठ भाजपा नेता वीरेंद्र जायसवाल ने बताया कि जिले में नवरात्रि के दौरान ऐसे लोक उत्सवों से स्थानीय लोग इनका आनंद लेने के साथ ही अपनी संस्कृति से जुड़ते भी है। इस दौरान प्रमिला जायसवाल, राजेंद्र प्रसाद जायसवाल, अजय श्याम, शिवनंदन सिंह मरावी, जगमोहन सिंह, सागर सिंह, परमानंद जायसवाल, रामानंद जायसवाल, अशोक सिंह, सुरेंद्र पैकरा, मनबहाल सिंह, ज्योति तिवारी, संगीता जायसवाल, गुड्डी भारती, तीरथ राम, सतीश जायसवाल, लोकनाथ तिवारी, चमन राजवाड़े, दिसंबर सिंह, अंकित जायसवाल, सरजू, राजेश, पुरन सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

### अंबिकापुर- बिश्रामपुर समेत पंद्रह रेलवे स्टेशनों के लिए इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग की मिली मंजूरी

**बिश्रामपुर।** रेल यात्रियों की सुविधा एवं संरक्षित रेल परिचालन को और सुदृढ़ बनाने की दिशा में रेलवे बोर्ड द्वारा दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की एक महत्वपूर्ण परियोजना को स्वीकृति प्रदान की गई है,इस स्वीकृति के तहत बिलासपुर रेल मंडल के अंतर्गत शेष 15 पैनल इंटरलॉकिंग स्टेशनों पर इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग प्रणाली स्थापित की जाएगी, इस कार्य पर लगभग 298.60 करोड़ रुपये की लागत आएगी,इन 15 स्टेशनों में बिश्रामपुर,कमलपुर ग्राम, अंबिकापुर, मौहारी, हरद, पाराडोल, कोतमा, बिजुरी, करंजी, मनेन्द्रगढ़, चिरमिरी, घुटकू, कलमीटार, लैंको एवं कुसमुंडा शामिल हैं।बता दें कि भारतीय रेल की स्वदेशी ट्रेन सुरक्षा प्रणाली कवच के सफल क्रियान्वयन हेतु इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग प्रणाली का समावेश अत्यंत आवश्यक है,इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग प्रणाली न केवल ट्रेन परिचालन को अधिक संरक्षित बनाएगी बल्कि यह कवच प्रणाली के साथ सीधे तौर पर एकीकृत होकर वास्तविक समय रियल टाइम डेटा साझा करने में सक्षम होगी।इस नई और आधुनिक तकनीक की स्थापना से ट्रेन संचालन की अधिक संरक्षा और दक्षता बढ़ेगी,साथ ही कवच प्रणाली के साथ सहज एकीकरण होगा,तेज ट्रेन नियंत्रण और आकस्मिक स्थितियों में त्वरित प्रतिक्रिया मिलेगी एवं सम्पूर्ण नेटवर्क की विश्वसनीयता और कार्यकुशलता में वृद्धि होगी।

## बिजनेस प्लस

# मंगल भवन सूरजपुर में जादूगर दीप कुमार के शो का हुआ भव्य आगाज

**अंबिकापुर।** सूरजपुर जिले के जेलपारा स्थित मंगल भवन में 26 सितम्बर से जादूगर दीप कुमार के जादुई शो का भव्य शुभारंभ किया गया। दीप कुमार का यह जादुई शो 12 अक्टूबर तक चलेगा। दीप कुमार के जादुई शो का उद्घाटन मुख्य अतिथि विधायक भूलन सिंह मरावी, भाजपा जिला अध्यक्ष मुरली मनोहर सोनी, नपा अध्यक्ष श्रीमती कुसुमलता राजवाडे, नपा उपाध्यक्ष शैलेश अग्रवाल ने सामूहिक रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। अतिथियों ने जादू देख कर जादूगर दीप कुमार की भरपूर सराहना की एवं कहा की भारत की सबसे प्राचीन कला विश्व स्तर का जादू शो सूरजपुर में पहली बार आया है जो कि सपरिवार देखने लायक है। शो के दौरान सभी दर्शकों को रोमांचित और आनंदित करने का दौर जैसे पल पल एक नया चमत्कार और नए नए बदलते ड्रेस में जादूगर का मंच पर आना तो कभी लड़की को मंच पर बुलाकर 10 फीट हवा में उड़ाया तो कभी सुंदर सी लड़की को 4 पार्ट में कर के दिखाया।



वहीं कभी खूंखार गोरिल्ला बनाकर सभी को हतप्रभ कर दिया। कई हास्य भरे जादुई करतबों पर खूब ठहाके लगे तो जबरदस्त माइम मैजिक ऐक्ट देख कर सभी दर्शक आश्चर्यचकित रह गए। यह शो कई जन संदेशों से भरा है जैसे बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, नशे से दूर रहे, अपराध ना करें, जैसे अनेक संदेश भरे करतब को दर्शकों ने बेहद सराहा। जादूगर दीप कुमार का शो प्रतिदिन तीन शो में क्रमशः दोपहर 1 बजे, 4 बजे एवं संध्या 7 बजे से चलेगा। प्रत्येक शो दो घंटे का होता है जिसका टिकट हॉल पर सुबह 10 बजे से मिलता है एवं ऑनलाइन टिकट से एडवांस में भी लिया जा सकता है। जादू शो आयोजक रुद्र प्रताप सिंह ने बताया कि स्कूल एवं कोचिंग के बच्चों के लिए ग्रुप में देखने पर टिकट में भारी छूट दिया जा रहा है। स्कूल का स्पेशल शो सुबह में 10 बजे से स्कूल की सुविधानुसार आयोजित किया जा रहा है।

तेज डायग्नोस्टिक / ब्लड बैंक (सेंटर)
माता राजरानी मेमोरियल MRM हॉस्पिटल
बाबूपारा,जोड़ा तालाब के सामने अम्बिकापुर
मस्तिष्क एवं नस रोग विशेषज्ञ डॉ.मनीष चौरसिया M.S.(General Surgery) M.Ch.(Neuro Surgery)
सुप्रसिद्ध मानसिक रोग विशेषज्ञ डॉ.गौरी शंकर सिंह MBBS (AFMC) MD (Psychiatry) BHU
सुप्रसिद्ध गठिया रोग विशेषज्ञ डॉ.बी.बी.कुमार MBBS,MD (Medicine) FLPM,Fellowship in Rheumatology
सुप्रसिद्ध पेट एवं आंत रोग विशेषज्ञ डॉ.आकाश गर्ग MBBS,DNB (MEDICINE)
सुप्रसिद्ध किडनी रोग विशेषज्ञ डॉ.विनय कुमार MBBS,MD (General Medicine) MD (Nephrology)
तेज डायग्नोस्टिक/ ब्लड सेन्टर 1.5 TESLA MRI
डॉक्टर्स हाउस @ सरगुजा
माता राजरानी मेमोरियल MRM हॉस्पिटल द्वारा
रानी तालाब के सामने, जिला हॉस्पिटल रोड़ अम्बिकापुर
छ.ग. के सुप्रसिद्ध न्यूरो सर्जन डॉ.आशु जैन MS,MCH,FHU,Neuro Surgery
मनोरोग,नशामुक्ति व सेक्सोलॉजिस्ट डॉ.निशांत कुमार साहू एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मनोरोग)
ब्रेन एंजियोग्राफी एंड एंजियोप्लास्टी विशेषज्ञ डॉ.सौरभ जैन MD,DM,(Neurology)FNB (Neurologist)
05 अक्टूबर 2025,माह के प्रथम रविवार
अग्रिम पंजीयन हेतु संपर्क करें 07774222555,9425583780,9826183780, 8224007799,8718003300,6262639090
आयुष्मान योजना द्वारा भर्ती, सर्जरी, उपचार एवं जाँच की सुविधा उपलब्ध

सरगुजा मार्केट

बर्न, प्लास्टिक एवं कॉस्मेटिक सर्जरी विशेषज्ञ
डॉ.रौनक कलवानी
M.ch, Ms, ATLS, M.B.B.S
प्लास्टिक, कॉस्मेटिक एवं माइक्रोसर्जन
विशेषज्ञता - हेयर ट्रांसप्लांट, लिपोसक्शन एवं माइक्रो सर्जरी
दिनांक - 04 अक्टूबर, 2025
समय - सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक
संजीवनी कैंसर केयर हॉस्पिटल, रायपुर के वरिष्ठ और अनुभवी विशेषज्ञ
डॉ.विकास अग्रवाल
Laparoscopic and Organ Preserving Surgeries
MBBS, DRNB, PDF, FMAS, FISCP, MNAMS
दिनांक - 11 अक्टूबर, 2025
समय - सुबह 9 बजे से 12 बजे तक
डॉ.फिरदौसी हॉस्पिटल
MULTI SPECIALITY SURGICAL HOSPITAL
खरसिया नाका अम्बिकापुर (जिला - सरगुजा)
7869900868 (O.P.D.) 8225888500 (Hospital), 7240802000

गुप्त रोग का 100% शर्तिया ईलाज
गुप्त रोग, नामर्दी, नपुंसकता, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु गिरना, जलन, शोटापन, टेढ़ापन, सिफलिस गनोरिया सभी प्रकार के गुप्त रोगों की आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया ईलाज किया जाता है।
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध
बिना आपरेशन के अण्डकोष, बवासीर, भगंदर का गारंटी के साथ आयुर्वेदिक दवा द्वारा ईलाज
25 साल से स्थायी
संपर्क - विश्वास औषधालय
बिलासपुर रोड, लक्ष्मीपुर शास स्कूल के पास अम्बिकापुर- मोबा. 7898942870
समय- सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक

छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध एवं सीनियर
मूत्र रोग विशेषज्ञ परामर्श एवं ऑपरेशन हेतु
डॉ.राहुल कपूर (Laparoscopy Urosurgeon)
दिनांक 29 अक्टूबर 2025 दिन - बुधवार
उपलब्ध सुविधा
-आयुष्मान कार्ड से ईलाज।
-दूरबीन से (बिना चीर, फाड़) ऑपरेशन
-किडनी स्टोन, किडनी नली का स्टोन, BPH प्रोस्टेट ग्रंथि का ऑपरेशन
-पेशाब रास्ते का सिकुड़न
-किडनी, पेशाब थैली, अंडकोष, प्रोस्टेट कैंसर का ईलाज
अग्रिम रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है (O.P.D.) 8225888500
दूरबीन पद्धति से मूत्र रोग बीमारियों की जाँच एवं ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध
डॉ फिरदौसी हॉस्पिटल MULTI SPECIALTY SURGICAL HOSPITAL
खरसिया नाका अम्बिकापुर, जिला - सरगुजा

TOP IN SURGUJA

क्या आप भी परेशान हैं इन सब से ?
• सिर दर्द एवं माइग्रेन
• लकवा (पैरालाइसिस)
• चक्कर बेहोशी
• हाथ, पैर कमर में असहनीय दर्द
• मिर्गी, फिट
• हॉथ और पैरों में कमजोरी
• डायबिटिक न्यूरोपैथी
• हाथ, पैर में कंपन्न, झुनझुनी
गायत्री हॉस्पिटल MULTISPECIALITY HOSPITAL CREATING HEALTHY TOMORROW
CGHS से मान्यता प्राप्त
कम खर्चे में ईलाज सर्वसुविधा युक्त के साथ ईलाज
बनारस रोड, पी.जी. कॉलेज मैदान के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
| 9424250281 | 8120906000 | 8120809000 |
रायपुर के सुप्रसिद्ध न्यूरोसर्जन
डॉ. सिद्धार्थ साहू MBBS, MS GENERAL SURGERY (DNB NEUROSURGERY)
दिनांक -21 सितम्बर 2025, रविवार
समय : सुबह 10 बजे से 3 बजे तक

लिवर स्लिम
विश्व की सर्वोत्तम दवा
यह दवा फैटी लीवर का रामबाण ईलाज है। कैसा भी फैटी लीवर या एल्कोहोलिक लीवर तीन माह के सेवन से 100 प्रतिशत लीवर स्लिम कर देगा। इसके सेवन से सिर्फ लीवर ही नहीं किडनी इन्फेक्शन लीवर में गांठ होना या शोराशिस होना जॉनडीस या पीलिया, हेपेटाइट ABCD, सभी ठीक करने का महाशक्ति है। लीवर को कैंसर से बचाता है। हाईपर ए.सी.डी.टी. एवं भूख नहीं लगना, कब्ज रहना, बवासीर से भी बचाता है। बवासीर होने के बाद भी इस दवा के सेवन से भी ठीक हो जाता है। पेट के सभी बीमारियों का 100 प्रतिशत ईलाज है।
चिराग हर्बल घड़ी चौक, अम्बिकापुर | मो. 9826461355


विजयादशमी पर्व की
हार्दिक शुभकामनाएं..
जय श्री राम
श्री राम फर्नीचर्स एण्ड इलेक्ट्रानिक्स
सोफा, दीवान, पलंग, हाइनिंग टेबल, कुशन सोफा, श्रृंगारदान, अलमारी,
कम्प्यूटर टेबल
रिवाल्विंग चेयर फर्नीचर के निर्माता व फ्रिज, वाशिंग मशीन,
टीव्ही, एसी, कूलर,
पंखा, मिक्सी इत्यादि के विक्रेता।
राम गोयल
प्रोप्राइटर
श्री राम इण्डस्ट्रीज
जय श्री राम
सभी प्रकार के पाटीकल बोर्ड से निर्मित सामान
के निर्माता व विक्रेता
राधे गोयल
प्रोप्राइटर
चौखट, खिड़की, दरवाजा आर्डर पर बनाये जाते हैं।
गुदरी चौक, चर्च रोड, केदारपुर अम्बिकापुर, सरगुजा (छ.ग.) 9826804186, 8889536205
मेसर्स - श्री सीताराम अग्रवाल टिम्बर मर्चेन्ट (लकड़ी मिल)

## खबर संक्षेप



### अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर 250 वृद्धो का हुआ सम्मान

**सूरजपुर।** अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर आज जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन मंगल भवन में किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में विधायक भूलन सिंह मरावी शामिल हुए। इस अवसर पर जिले के लगभग 250 वृद्धों को शॉल और श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। विधायक श्री मरावी ने कहा कि वृद्धजन हमारे मार्गदर्शक हैं। उनकी देखभाल सरकार और समाज दोनों की साझा जिम्मेदारी है। उन्होंने बताया कि केंद्र और राज्य सरकार वरिष्ठ नागरिकों की पेंशन, स्वास्थ्य, सामाजिक सुरक्षा और सम्मानजनक जीवन के लिए लगातार योजनाओं को मजबूत बना रही है। उन्होंने मुख्यमंत्री तीर्थयात्रा योजना और रामलला दर्शन योजना से जिले के बुजुर्गों के लाभान्वित होने की जानकारी दी। जिला पंचायत अध्यक्ष चंद्रमणि पैकरा ने कहा कि वृद्धजन दिवस हमें अपने माता पिता और अन्य बुजुर्गों की प्रति दायित्वों की याद दिलाता है। माता-पिता की सेवा ही ईश्वर की पूजा है। उनके दिए संस्कारों से ही हम अपने जीवन में सफलता प्राप्त करते हैं। कलेक्टर एस जयवर्धन ने कहा कि जिला प्रशासन बुजुर्गों के लिए चलाई जा रही योजनाओं को गंभीरता से लागू कर रहा है। उन्होंने कहा कि बदलते समय में एकल परिवार की प्रवृत्ति के कारण माता-पिता की देखभाल में कठिनाई हो रही है, ऐसे में समाज को आगे आकर वृद्धाश्रमों में रह रहे बुजुर्गों की देखभाल करनी चाहिए। इस दौरान रेडक्रॉस सोसायटी अध्यक्ष बाबूलाल अग्रवाल, मुरली मनोहर सोनी, मुकेश गर्ग, संदीप अग्रवाल, जिपं सीईओ विजेन्द्र सिंह पाटले, एसडीएम श्रीमती शिवानी जायसवाल व अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

### वरिष्ठ नागरिक संघ ने विधायक को विविध समस्याओं से कराया अवगत

**सूरजपुर।** अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर साधुराम सेवाकुंज में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि विधायक भूलन सिंह मरावी से वरिष्ठ नागरिक संघ ने विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया। संघ के संयोजक लालचंद अग्रवाल ने संघ की विभिन्न गतिविधियों का उल्लेख करते हुए जिला अस्पताल में भर्ती मरीजों के परिजन को प्रतिदिन संचालित नाश्ते वितरण में आने वाली समस्या से अवगत कराया तथा एक कक्ष निर्माण हेतु पांच लाख रुपये की राशि स्वीकृत करने किए जाने की मांग की। साथ ही वरिष्ठ नागरिकों को रेलवे के किराए में प्रदत्त की जाने वाली छुट जिसे कोरोना काल के बाद बंद कर दिया गया है उसे पुनः बहाल करने की मांग की। जिस पर विधायक ने भवन निमार्ण हेतु पांच लाख रुपये की घोषणा तत्काल करते हुए वरिष्ठ नागरिकों कोरोना काल में रेलवे किराए में जो छूट बंद कर दी गई थी उसे पुनः बहाल करने हेतु रेलवे के वरिष्ठ अधिकारियों से चर्चा कर छुट पुनः बहाल कराने का का आश्वासन दिया। इस दौरान वरिष्ठ नागरिक संघ के वरिष्ठ संरक्षक हरिदास अग्रवाल, बांके बिहारी अग्रवाल, संयोजक लालचन्द अग्रवाल, उपाध्यक्ष आरएस मिश्रा, सचिव मोती लाल गुप्ता, सदस्य विक्रम सोनी, पुखराज जैन, राजेन्द्र गुप्ता, रमेश रोहिल्ला, बलभद्र प्रसाद, मनोहर सहित अन्य मौजद रहे।

## पेज 1 के शेष...

### अमेरा खुली खदान में काम...

ने बिना मुआवजा वितरण किए ही किसानों की जमीन पर कब्जा कर उनकी धान की फसलों को रौंदने का भी आरोप लगा। इस बीच 11 जून को खदान परिसर में कोयला का सैम्पल लेने गई टीम पर पूर्व में भी हमले की घटना सामने आ चुकी है। इस बीच मंगलवार को फिर से उस वक्त विवाद की स्थिति निर्मित हो गई जब लगभग 100 की संख्या में ग्रामीण एकत्रित हो गए और अपना विरोध जताना शुरू कर दिया। इस दौरान खदान परिसर में एलसीसी कंपनी के कर्मचारी पोकलेन के माध्यम से मिट्टी हटाकर रास्ता बनाने का कार्य किया जा रहा था। इस दौरान 15 से 20 की संख्या में लोग लाठी-डंडे, टांगी, हसिया के साथ नीचे उतर आए और अचानक ही पोकलेन ऑपरेटर मुनेंद्र पटेल पर हमला कर दिया। इस दौरान खदान क्षेत्र में अफरा तफरी की स्थिति निर्मित हो गई। बीच बचाव करने गए कंपनी के जनरल मैनेजर राघवेन्द्र पाण्डेय की भी उन्होंने पिटाई कर दी। इसके साथ ही खदान परिसर में अन्य लोगों पर भी हमला किया गया है जबकि परिसर में जमकर पत्थरबाजी की गई जिससे कम्पनी की कई गाड़ियां क्षतिग्रस्त हुई है। इस घटना के बाद बड़ी संख्या में पुलिस टीम भी मौके पर पहुंची।

### महानवमी पर उमड़ा सैलाब, विधि...

माता के दर्शन किए। वहीं दुर्गा पंडालों में विशेष पूजा अर्चना की गई। जगह जगह कन्या भोज आयोजित किए गए जिसमें कन्याओं की पूजा करने के बाद उन्हें भोज कराया गया। भक्तों के मंदिरों में माता के दर्शन का सिलसिला देर शाम तक जारी रहा। शारदीय नवरात्र के अवसर पर सरगुजा संभाग सहित जिले का माहौल भक्तिमय हो गया है। शहर माता के जसगीतों से गुंजायमान है, मंदिरों व दुर्गा पंडालों में प्रतिदिन पूजा अर्चना के लिए बड़ी संख्या में भक्त पहुंच रहे है। पंडालों में जगराता के साथ ही समितियों द्वारा डांडिया कार्यक्रम कराए जा रहे है व जगह जगह भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। इस बार शारदीय नवरात्र दस दिनों का रहा। मंगलवार को नवरात्र के दसवें दिन मंदिरों में भक्तों का हुजूम उमड़ पड़ा। शहर के महामाया मंदिर, दुर्गा मंदिर, गौरी मंदिर, गायत्री मंदिर, वन देवी मंदिर में सुबह से ही भक्तों की भीड़ पहुंचनी शुरू हो गई थी। महामाया मंदिर में लोगों ने विधि विधान से पूजा अर्चना कर माता का आशीर्वाद लिया। श्रधालुओं ने दुर्गा सप्तशती का अंतिम पाठ किया। इस दौरान श्रद्धालुओं की उमड़ती भीड़ को देखते हुए जिला व पुलिस प्रशासन द्वारा भी सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। माता के दर्शन का सिलसिला देर शाम तक जारी रहा।

## 60-60 फीट के मेघनाथ व कुंभकरण का पुतला बनकर तैयार

# इलेक्ट्रॉनिक आतिशबाजी के साथ आज होगा 85 फीट के रावण का दहन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

बुराई पर अच्छाई के जीत का प्रतीक के रूप में मनाए जाने वाले दशहरा पर्व को लेकर तैयारी जोरों पर है। रावण, मेघनाथ व कुंभकरण के पुतले बन कर तैयार हो चुके है जबकि आतिश बाजी के लिए तैयारियां अंतिम चरण में है। इस बार भव्य इलेक्ट्रॉनिक आकाशीय आतिशबाजी के साथ पुतला दहन किया जाएगा। सरगुजा सेवा समिति, नागरिक सेवा समिति व जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वाधान में दशहरा पर्व का मुख्य आयोजन पीजी कॉलेज मैदान में आयोजित किया गया है। इस वर्ष रावण 85 फीट जबकि मेघनाथ, कुंभकरण पुतला 60-60 फीट के बनाए गए है।

**खास बात**

- दशहरा के दिन झांकियों के साथ निकाली जाएगी शोभायात्रा

2 अक्टूबर को मनाए जाने वाले दशहरा पर पीजी कॉलेज मैदान में विशाल रावण, मेघनाथ व कुंभकरण के पुतला का निर्माण हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी सरगुजा सेवा समिति, नागरिक सेवा समिति व जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वाधान में कराया गया है। रावण दहन के दिन उमड़ने वाली भीड़ को देखते हुए इस वर्ष रावण, मेघनाथ व कुंभकरण के दहन पिछले साल की तरह चिन्हांकित जगह पर किया गया है और मैदान के एक क्षेत्र में अलग-अलग बेरीकेट का निर्माण किया गया है जिसमें लोग सहपरिवार रावण दहन को आसानी से देख सके।

महोत्सव को लेकर सरगुजा सेवा समिति व नागरिक समिति की संयुक्त बैठक में पदाधिकारी व कार्यकर्ता की सहमति से दशहरा महोत्सव में होने वाले आयोजनों की रूपरेखा बनाई गई जिसमें इस वर्ष रावण की लंबाई को घटा कर 85 फिट करने का निर्णय लिया गया जबकि मेघनाथ व कुंभकरण के पुतले का निर्माण इस वर्ष पिछले साल की अपेक्षा लंबाई 10 फीट बढ़ाकर 60-60 फीट का बनाया गया है।

पिछले वर्ष रावण के पुतले की लंबाई 95 फीट जबकि मेघनाथ व कुंभकरण पुतले की लंबाई 50-50 फीट थी। रावण, कुंभकरण व मेघनाथ का पुतला बनकर तैयार हो चुका है।



पीजी कॉलेज मैदान में रावण, मेघनाथ, कुम्भकर्ण का पुतला।

### इलेक्ट्रॉनिक आतिशबाजी मुख्य आकर्षण

पीजी कॉलेज मैदान में आयोजित दशहरा के मुख्य कार्यक्रम आयोजित किए गए है जहां एक साथ रावण, मेघनाथ, कुंभकरण के पुतलों का दहन किया जाता है। रावण दहन से पूर्व मैदान में भव्य रंग बिरंगी आतिशबाजी की जाती है जो अनवरत लगभग एक घंटे से अधिक समय तक होती है। इस बार आतिशबाजी के लिए भिलाई से आर जगदीशियन रेड्डी की टीम को बुलाई गई है। हालांकि पिछले वर्ष भी आर जगदीशन रेड्डी की टीम को आतिशबाजी की जिम्मेदारी दी गई थी। इस वर्ष आतिशबाजी का मुख्य आकर्षण का केन्द्र इलेक्ट्रॉनिक आकाशीय आतिशबाजी होगी।

#### इस वर्ष नहीं होगी ग्राउंड आतिशबाजी

रावण दहन का मुख्य कार्यक्रम शहर के पीजी कॉलेज के विशाल मैदान में आयोजित किया गया है। रावण दहन के दिन शहर सहित अन्य जिलों से लोगों के आने से ग्राउंड भी छोटा पड़ जाता है। ऐसे में लोगों की भीड़ को देखते हुए तथा आतिशबाजी के दौरान किसी प्रकार की हादसा न हो इसे ध्यान में रख कर इस बार ग्राउंड आतिशबाजी नहीं करने का निर्णय लिया गया है। इस बार केवल इलेक्ट्रॉनिक आकाशीय आतिशबाजी हो गई। इलेक्ट्रॉनिक आतिशबाजी माचिस से नहीं बल्कि सभी रिपोर्ट कंट्रोल के द्वारा ही की जाएगी। जिससे किसी प्रकार की दुर्घटना की संभावना कम है। भिलाई से आतिशबाजी करने आए आर जगदीशियन रेड्डी ने बताया कि हेलीपैड स्थान पर दर्जनों टेबल लगाए गए है जहां रिमोट से संचालित फटाका को रखा जाएगा और सभी आतिशबाजी रिमोट से की जाएगी।

### एकता का प्रतीक

अमूमन राज्य के अधिकांश जिले सहित शहरों में दशहरा पर्व धूमधाम से मनाई जाती है। दशहरा के दिन भव्य आतिशबाजी के साथ रावण दहन कार्यक्रम को लेकर आयोजक समितियों द्वारा रावण दहन का विशेष आकर्षक बनाने के लिए दूसरे राज्यों से रावण बनाने वाले कारीगरों की टीम बुलाकर निर्माण कराया जाता है। परंतु शहर में पिछले 19 साल से किसी दूसरे राज्य की बजाय शहर के मोमिनपुरा निवासी जावेद खान व उनके टीम द्वारा रावण, मेघनाथ व कुंभकरण के पुतलों का निर्माण किया जा रहा है। किसी विशेष समुदाय द्वारा हिन्दू पर्व में बढ़चढ़ कर हिस्सा लेने से शहर में एकता का मिशाल बन गया है। कारीगर जावेद खान भी हिन्दू पर्व में अपनी सहभागिता को लेकर गौरवान्वित महसूस करते है।

#### वाटर फ्रुफ है पुतला

कारीगर जावेद खान के मुताबिक पिछले एक माह से पुतला निर्माण शुरू किया था जो अब बनकर तैयार है। रावण, कुंभकरण व मेघनाथ पुतला निर्माण में शहर के एक दर्जन से अधिक कारीगर द्वारा बनाया गया है। हालही में हुई बारिश के मद्देनजर इस वर्ष पुतला वॉटर फ्रुफ बनाया जा रहा है जिससे बारिश से पुतला को किसी प्रकार का नुकसान नहीं होगा। हालांकि आंधी तूफान से पुतला को नुकसान पहुंच सकता है।

#### राम मंदिर से निकाली जाएगी शोभा यात्रा

दशहरा के दिन शहर के राम मंदिर से झांकियों के साथ दोपहर में शोत्रा निकाली जाएगी। शोभा यात्रा राम मंदिर से शुरू होकर जय स्तंभ चौक, सदर रोड, महामाया चौक, संगम चौक, देवीगंज रोड, घड़ी चौक, गांधी चौक, अंबेडकर चौक होते हुए पीजी कॉलेज मैदान पहुंचेगी। जहां आतिशबाजी के बाद रावण दहन किया जाएगा।

## अनोखी सोच के दुर्गा महोत्सव में शामिल हुए भाजपा पदाधिकारी...




अम्बिकापुर। अनोखी सोच संस्था द्वारा मनाए जा रहे दुर्गा पूजा महोत्सव में महाष्टमी के दिन छत्तीसगढ़ राज्य गृह निर्माण मंडल के अध्यक्ष अनुराग सिंह, राज्य युवा आयोग के अध्यक्ष विश्वविजय सिंह तोमर, भाजपा जिलाध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया सहित भाजपा के अन्य पदाधिरियों द्वारा विधि विधान पूर्वक अर्चना की। साथ ही संस्था द्वारा आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। गौरतलब है कि दुर्गा महोत्सव के दौरान हर दिन अनोखी सोच संस्था द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम के अलावा अलग-अलग खेल कूद प्रतियोगिता कराई जा रही है जिसमें बड़ी संख्या में प्रतिभागी हिस्सा ले रहे है।

## दशहरा मेला आज, स्टेडियम ग्राउंड में होगा रावण दहन



**प्रतापपुर।** मां दुर्गा पूजन समिति बस स्टैंड के तत्वावधान में इस वर्ष दशहरा मेला का आयोजन स्थानीय स्टेडियम ग्राउंड में आयोजित किया गया है। रावण दहन की तैयारियां व्यापक स्तर पर किया जा रहा है। समिति ने नवरात्रि के महापर्व को धूमधाम से संपन्न कराने के बाद अब दशहरा महोत्सव की तैयारियां पूरी कर ली हैं।

समिति के प्रमुख राजेश गुप्ता ने बताया कि इस बार स्टेडियम ग्राउंड में भव्य रावण दहन का आयोजन किया जाएगा। इसके लिए 45 फीट रावण, 40-40 फीट मेघनाथ और कुंभकरण का पुतला तैयार किया गया है। दशहरा पर्व पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम में श्री राम-रावण युद्ध के मंचन के साथ ही आकर्षक आतिशबाजी और रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा। आयोजन स्थल पर लोगों की भीड़ को देखते हुए समिति ने विशेष व्यवस्था की है। ग्राउंड में विशेष लाइटिंग, स्टेज डेकोरेशन और दर्शकों के बैठने के लिए व्यापक इंतजाम किए गए हैं। अनुमान है कि कार्यक्रम के दौरान करीब 10 से 15 हजार लोग मेले में शामिल होंगे। समिति के कार्यकर्ता लगातार व्यवस्था में जुटे हैं ताकि किसी प्रकार की अव्यवस्था न हो। कार्यक्रम का शुभारंभ रात 8.30 बजे से किया जाएगा। आयोजन को लेकर पुलिस प्रशासन भी सतर्क है। स्टेडियम और आसपास के क्षेत्र में सुरक्षा के लिए पुलिस बल की तैनाती की गई है। वहीं यातायात व्यवस्था को सुचारू रखने के लिए चौक-चौराहों पर अतिरिक्त पुलिसकर्मी लगाए गए हैं।

## दुर्गा पंडालों में विधायक रामकुमार ने की पूजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपाट

महाष्टमी के दिन सीतापुर विधायक राम कुमार टोप्पो ने क्षेत्र के विभिन्न पंडालों में स्थापित मां दुर्गा की पूजा अर्चना कर क्षेत्र व प्रदेश की खुशहाली की कामना की।

विधायक श्री टोप्पो ने सुबह कॉलेज ग्राउंड में आयोजित एमएलए एजुकेशन कोर फिजिकल ट्रैलिंग कार्यक्रम में शामिल होने के पश्चात विधायक कार्यालय में क्षेत्र वासियों की समस्याओं को सुना। उसके पश्चात मैनपाट क्षेत्र के नर्मदापुर, बरिमा, कुदारीडीह, केसरा, सरभंजा, ललया, पथराई, कमलेश्वरपुर, रोपाखार, नागाडांड एवं नवानगर क्षेत्र डांडखजुरी, पम्पापुर, नान दमाली, बड़ा दमाली, बरगंवा, मोतीपुर, खजुरी, गवरडांड कुम्हरता, नवानगर व अड़ची में स्थापित दुर्गा पंडाल में विधि विधान से पूजा अर्चना कर जिले सहित प्रदेश की खुशहाली की कामना की। इस दौरान मंडल अध्यक्ष राम यादव, जमुना यादव, मनोज यादव, कुंजबिहारी गुप्ता, सोनू अग्रवाल, माहित नामदेव सहित अन्य मौजदू रहे।



## शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने का आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

शादी का झांसा देकर दैहिक शोषक करने वाले आरोपी को करंजी पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय पेश कर दिया है,करंजी पुलिस ने बताया कि ग्राम आमापारा थाना बैकुण्ठपुर जिला कोरिया निवासी एक युवती ने बिश्रामपुर थाना में आवेदन देकर शिकायत दर्ज कराई थी कि मार्च 2025 में इसकी बुआ की शादी में अपने ग्राम आमापारा में करंजी चौकी क्षेत्र के ग्राम बरौल निवासी 18 वर्षीय रामलल्लू पिता राजेन्द्र प्रसाद आया हूआ था,इसी दौरान युवती की जान पहचान हुई थी, आरोपी रामलल्लु द्वारा शादी का झांसा देकर अपने साथ अपने घर ग्राम बरौल लेकर गया था,और शारीरिक संबंध बनाया है,इसके बाद 24 सितंबर को युवती को वापस उसके घर ग्राम आमापारा छोड़कर अब शादी करने से इनकार कर रहा है,पीड़िता की रिपोर्ट पर करंजी पुलिस ने आरोपी राम लल्लू के खिलाफ धारा 69 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर सूरजपुर न्यायालय पेश कर दिया है।

टैटू (गोदना)
मिटाये नई तकनीक लेजर व्दारा



कालड़ा प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी एवं बर्न सेंटर
आर.के.सी. के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स माल के पास, रायपुर (छ.ग.)
9827143060/8871003060
छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त
Ajay Advt.

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736

## निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 164 मरीजों का किया गया उपचार

**अम्बिकापुर।** अदाणी ट्रैक्स मैनेजमेंट सर्विसेज लिमिटेड की सीएसआर शाखा एवं अदाणी फाउंडेशन द्वारा सोमवार को परसा साप्ताहिक बाजार के शेड में विशेषज्ञ चिकित्सकों की उपस्थिति में स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। शिविर में बाल रोग, स्त्री रोग, सामान्य चिकित्सा एवं नेत्र जांच जैसी सुविधाओं से 164 मरीजों को लाभान्वित किया गया। इस दौरान मरीजों को निःशुल्क चिकित्सा परामर्श, दवाइयां, नेत्र परीक्षण और चश्मों का वितरण किया गया साथ ही ईसीजी और ब्लड प्रेशर की जांच की गई। शिविर में चिकित्सकों ने आँखों की समस्या, बदन दर्द, गठिया, खांसी-जुकाम, बुखार और स्त्री रोग संबंधी समस्याओं का समाधान किया। इस दौरान डॉ. दीपक कुमार पुँगले के नेतृत्व में रायपुर की स्त्री रोग विशेषज्ञडॉ. अपेक्षा सिंह गहरवार, बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. स्मिता, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रियंका गुप्ता, एमपी फिजिशियन एवं डीएम कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. चेतन चतुर्वेदी उपस्थित थे। शिविर में अधिक से अधिक मरीज अपना निःशुल्क उपचार करा सके इस लिए इसकी सूचना मुनादी एवं जन प्रतिनिधियों के माध्यम से दी गई थी। मरीजों का पंजीकरण और शिविर संचालन का प्रबंधन अदाणी फाउंडेशन टीम द्वारा किया गया। शिविर का उद्घाटन सरपंच श्रीमती तुलसी उइके, उपसरपंच उमाशंकर यादव, महिला उद्यमी बहुदेशीय सहकारी समिति की अध्यक्ष श्रीमती अमिता सिंह और उपाध्यक्ष श्रीमती वेदमती उइके की उपस्थिति में किया गया।

- नेत्र रोगियों को दिया गया चश्मा, हुई ईसीजी व बीपी की जांच







## वन अमले ने वन क्षेत्र बंशीपुर क्षेत्र से जब्त की बोलेरो सहित 42 नग चिरान



**सोनगरा।** प्रतापपुर वन परिक्षेत्र में लकड़ी तस्कर लंबे समय से सक्रिय है जो जंगल से पेड़ की कटाई कर आसपास क्षेत्रों में लकड़ी की तस्करी करते है। क्षेत्र से लगातार लकड़ी तस्करी की मिल रही लकड़ी तस्करी की शिकायत पर गत दिन वन अमले को उस समय बड़ी सफलता हाथ लगी जब वन अमले की टीम ने बंशीपुर वन क्षेत्र से बोलेरो सहित 42 नग चिरान जब्त किया। हालांकि वन विभाग के हाथ तस्कर नहीं लगे। क्षेत्र में गश्त कर रहे वन अमले को मुखबिर से सूचना मिला कि बंशीपुर वन क्षेत्र से भारी मात्रा में लकड़ी की तस्करी की जा रही है। सूचना पर मुख्य वन संरक्षक दिलराज प्रभाकर के मार्गदर्शन तथा वन मंडलाधिकारी पंकज कुमार कमल के निर्देश पर वन विभाग के रात्रि गश्ती दल एवं हाथी मित्र दल को मिलाकर एक टीम बनाई गई। रात करीब दो बजे मौके पर पहुंची। टीम ने खड़ी महिंद्रा बोलेरो क्रमांक सीजी 15 बी 2857 की घेराबंदी की और चालक को नीचे उतरने को कहा तो चालक नीचे उतरकर वहां से भागने लगा। हालांकि टीम ने उसका पीछा किया लेकिन चालक अंधेरे का फायदा उठाते हुए मौके से फरार हो गया। मौके पर खड़ी बोलेरो वाहन की तलाशी लेने पर उसमें अवैध रूप से लोड किया गया 19 नग साल चिरान पाया गया जो कि ग्राम झींगादोहर निवासी गोरेलाल आत्मज परदेसी यादव के घर के सामने खड़ी थी। जिसके बाद दूसरे दिन वन अमले की टीम ने मंगलवार को फिर से आस पास के क्षेत्रों की पतासाजी की गई तो गन्ने एवं मक्का के खेतों में अवैध रूप से छिपाकर रखे 23 नग चिरान बरामद किया।

online Booking:-www.tripuryatra.com




स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी,
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-9165 411411